लेफ्रीपाड़ा ब्लाक पंचायत में संयुक्त जनसुनवाई

जासं, राउरकेला : सुंदरगढ़ जिले के लेफ्रीपाड़ा ब्लाक पंचायत समिति कार्यालय में संयुक्त जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरगढ़ एसपी प्रत्यूष दिवाकर, जिला परिषद के मुख्य विकास अधिकारी एवं कार्यकारी अधिकारी सुरंजन साहू तथा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कई शिकायतों का निपटारा करने के साथ अन्य मामलों को विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया गया।

बजट का मतलब क्या है,जब रुपये खर्च नहीं कर पा रहे हैं : नवीन

विधानसभा में वर्ष 2025-26 के लिए 2,90,000 करोड़ रुपये का एक विशाल बजट पेश किया गया, कहा- विपरीत दिशा में जा रही है डबल इंजन सरकार

बजट 2025-26

संवाद सहयोगी, जागरण, भुवनेश्वर : मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सोमवार को विधानसभा में वर्ष 2025-26 आर्थिक वर्ष के लिए 2,90,000 करोड़ रुपये का एक विशाल बजट पेश किया है। लेकिन इस बजट को लेकर विपक्ष दल के नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सवाल उठाया है। जब रुपये खर्च नहीं किया जा पा रहा है तो, बजट का मतलब फिर क्या है। नवीन यह सवाल उठाया है। डबल इंजन सरकार में राज्य की आर्थिक अभिवृद्धि और औद्योगिक अभिवृद्धि कम हुई है। डबल इंजन सरकार विपरीत दिशा में जा रही है। नवीन पटनायक ने कहा कि, राज्य में किसी भी प्रकार के विकास कार्य नहीं हो रहा है। समस्या में घिरे रहने वाले किसान खुदकुशी कर रहे हैं। एक साधारण इंसान रोजमर्रा के सामानों की दर दाम को लेकर परेशान है। बेरोजगारी बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर युवा चिंता में है और मिशन शक्ति महिलाओं की स्थिति संकट में पड़ा हुआ है। राज्य सरकार बजट तो कर रहा है। लेकिन उसका रुपये खर्च नहीं कर पा रहा है। ऐसे में यह बजट का मतलब क्या है, उस पर सवाल उठाया है पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने। इसके अलावा नवीन पटनायक ने बजट को लेकर सीधा-सीधा भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। बजट में सभी वर्ग का ध्यान रखना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक का फाइल फोटो

यह बजट विकसित ओडिशा के सपने को साकार करेगा : धर्मेंद्र प्रधान

संवाद सहयोगी,जागरण, भुवनेश्वर : वर्ष 2025-26 आर्थिक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी विधानसभा में बजट पेश किया है। इस बजट को केंद्र मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्वागत किया है और यह ऐतिहासिक तथा भविष्यवादी बजट है। यह बजट वर्ष 2036 और वर्ष 2047 कि विकसित ओडिशा की सपने को साकार करने की दिशा में कारगर साबित होगी। यह बात एक्स के जरिए केंद्र शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कही है। उन्होंने कहा कि, जनकल्याणकारी बजट डबल इंजन सरकार की विकास कार्य की दूरदर्शी है। इसमें साफ दिखाई दे रहा है, बजट में राज्य की गरीब, किसान, महिला, युवा अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, वंचित वर्ग के लोगों के लिए काफी कारगर साबित होगा। गांव से शहर तक हर क्षेत्र में विकास होगी। शिक्षा,दक्षता, विकास,स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा, खेल, सामाजिक आदि क्षेत्र में यह बजट ओडिशा के भविष्य को सुदृढ़ करेगा। यह बजट प्रधानमंत्री की "सबका साथ सबका विकास" संकल्प को साकार करेगी। राज्य में सड़क, रेल, हवाई अड्डा,उद्योग तथा दूसरे तमाम भीतभूमि को और मजबूत करेगा। ठीक उसी प्रकार बजट में पेश की जाने वाली 16 नई योजनाओं को केंद्रीय मंत्री प्रधान ने सराहा है। इस बार की बजट में ओडिशा की पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। ओड़िया अस्मिता की प्रचार होगी। ओडिशा की अभिवृद्धि भी होगी। नियुक्ति के मौके भी मिलेंगे और आर्थिक रूप से ओडिशा निश्चित तौर पर मजबूत होगी। यह बात केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स के जरिए स्पष्ट किया है।

धर्मेंद्र प्रधान का फाइल फोटो

बजट में आत्मविश्वास नहीं है : भक्त चरण दास

संस,, जागरण, भुवनेश्वर : के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सोमवार को विधानसभा में जो बजट पेश किया है, उसको लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने अपनी प्रतिक्रिया रखा है। उनके मुताबिक, पिछले आठ महीने के अंदर राज्य में कर्ज का भार 44 हज़ार 400 करोड रुपये में पहुंची है। केंद्र सरकार की मदद राशि और राजस्व की कमाई दिन-दिन घटती जा रही है। ऐसे कृषि क्षेत्र में वृद्धि विपरीत दिशा में जा रही है। यह बजट पूरी तरह से कर्ज के ऊपर निर्भर कर रहा है और कर्ज के ऊपर निर्भर करते हुए कभी भी एक राज्य विकास नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा कि, राज्य के 10 आदिवासी जिले में विकास कार्य, आंचलिक भेदभाव दूर करने के लिए जो योजना करने की जरूरत है उसमें राज्य सरकार पूरी तरह से सफल नहीं हो पाया हैं। सरकार की ज्यादातर योजनाओं में खर्च की रकम को घटाया गया है। इस बजट में आत्मविश्वास नहीं है। राज्य में महंगाई बढ़ती जा रही है, उसे नियंत्रित करने के लिए किसी भी तरह की व्यवस्था नहीं है। पिछले चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने लोगों को जो भरोसा दिया था, उसके अनुसार कुछ भी ठोस कदम नहीं उठाया है। डबल इंजन सरकार में यह बजट सभी को दुखी किया है।

डबल इंजन सरकार की ऐतिहासिक बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल

संसू, जागरण ● राउरकेला : ओडिशा सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का बजट पेश किया है, जिसमें कृषि, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास पर विशेष जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने इसे गरीब हितैषी और जनता का बजट करार दिया है, जिसमें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कुल मिलाकर, ओडिशा के 2025-26 के बजट पर विभिन्न वर्गों में मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है, जहां सत्ता पक्ष इसे विकासोन्मुखी बता रहा है, वहीं विपक्ष और कुछ नागरिक इसे राज्य की जरूरतों के प्रति उदासीन मान रहे हैं।

यह बजट राज्य के आर्थिक विकास को गति देगा। बजट मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर, महिला, युवा और छात्रों के लिए लाभकारी साबित होगा।

-डा. रूपाली पांडा, डाक्टर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर

कृषि क्षेत्र के लिए बढ़ा हुआ आवंटन और नई योजनाएं स्वागत योग्य हैं, लेकिन महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

-संतोष कुमार, समाजसेवी

बजट आर्थिक विकास और सामाजिक कल्याण के बीच संतुलन बनाता है, जिसमें कृषि, बुनियादी ढांचे और महिलाओं के सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह पारदर्शी कार्यान्वयन और संसाधनों के कुशल उपयोग पर निर्भर करेगा। - आशीर्वाद सामल उर्फ राजा, सिविल इंजीनियर

डबल इंजन सरकार में ऐतिहासिक बजट है। और सराहनीय है। इस बजट में हर वर्ग का खास ख्याल रखा गया है। बुनियादी ढांचे के विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जो राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। **- रमाकांत पांडे, उपाध्यक्ष, केंद्यास विकास मंच**

ओडिशा के लिए यह बजट बेहद निराशाजनक है। जनता ने भाजपा को भरपूर समर्थन दिया था, लेकिन बजट में उनकी उम्मीदें पूरी नहीं हुई।

-महफूज खान, सचिव, जागरण वार्ड क्लब-30

डबल इंजन सरकार उल्टी दिशा में जा रही है, जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतें, किसानों की आत्महत्या, मिशन शक्ति से जुड़ी महिलाओं को काम न मिलना और बढ़ती बेरोजगारी गंभीर चिंता का विषय हैं।

- नीरज साहू, अध्यक्ष, वार्ड 5 बीजू जनता दल

बजट आर्थिक विकास और निवेश आकर्षित करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, खासकर कृषि में। यदि सही क्रियान्वित होता है, तो यह व्यापारिक वातावरण को सशक्त करेगा - **सर्बसिस पटनायक,** बिजनेस कंसल्टेंस

ओडिशा बजट 2025 जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसमें आर्थिक समृद्धि और सामाजिक कल्याण का संतुलन बनाने पर जोर दिया गया है। यह बजट ओडिशा को एक विकासशील और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। **- सुमन सत्पथी, बिजनेसमैन**

यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिसमें कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दी गई है और महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण योजनाएँ लागू की जा रही हैं। यदि इसे सही तरीके से लागू किया जाता है, तो ओडिशा में सतत और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

डॉक्टर सरोजनी साहू, पूर्व शिक्षिका :

यह बजट ओडिशा विरोधी बजट है। इस बजट में राज्य की वास्तविक चिंताओं को नजरअंदाज किया गया है। विशेष राज्य के दर्जे की मांग को नजरअंदाज किया गया है और महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर ठोस कदमों का अभाव है।

- नसीम अख्तर, बीजद युवा नेता

कम उत्पादकता वाले जिले भी होंगे लाभांवित

जासं, राउरकेला : बजट भाषण में मोहन माझी सरकार ने कृषि क्षेत्र पर सबसे ज्यादा जोर दिया है। विकसित ओडिशा के सपने को साकार करने के लिए इसे इस अर्थव्यवस्था का पहला इंजन बताया गया है। ओडिशा की विकास यात्रा के लिए संपूर्ण कृषि बजट में कई दूरगामी नीतिगत बातों की तस्वीर पेश की गई है। कृषि बजट में 12 फीसदी की बढ़ोतरी करते हुए 37.838 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। जिससे ग्रामीण आबादी को समृद्धि की ओर ले जाने और उनकी गतिविधियों को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार गांवों के विकास की कहानी लिखी जाएगी। मोहन माझी सरकार ने खाद्यान्न उत्पादकों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव का खाका खींचते हुए समृद्धि कृषक योजना के लिए 6000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री किसान योजना के लिए 2020 करोड़ और फसल विविधीकरण के लिए 695 करोड़ दिए हैं। वर्तमान में चल रही कृषि योजनाओं और उपायों के जरिए पश्चिम ओडिशा के विभिन्न जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पारंपरिक कृषि पद्धतियों, फसल विविधता और खेती के तरीकों को उन्नत कर उत्पादन बढ़ाया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पश्चिम ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले में बाजार मिशन की शुरुआत की गई थी।

पश्चिम ओडिशा के पर्यटन स्थलों के विकास की जगी आस

वेदव्यास गुफा ● जागरण

जागरण संवाददाता, राउरकेला : ओडिशा व उसमें भी खासकर पश्चिम ओडिशा में पर्यटन की असीम संभावनाएं है। और जितना पर्यटन बढ़ेगा उतने ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इसे ध्यान में रखते हुए मोहन माझी सरकार ने ओडिशा के आर्थिक विकास दर को रफ्तार देने को पर्यटन आधारित रोजगार पर जोर दिया है। ओडिशा में पर्यटन को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का प्रमुख साधन बनाने के लिए बजट में 820 करोड़ रुपये का आवंटन दिया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि सरकार पश्चिम ओडिशा के पर्यटन स्थलों का भी विकास करेगी। पश्चिम ओडिशा के कालाहांडी जिले के काले बाघों के जंगल, भवानीपटना के मंदिर, नुआपाड़ा जिले का पाताल गंगा, सुवर्णपुर जिले के नदियों का संगम, सुंदरगढ़ जिले का खंडाधार जलप्रपात, राउरकेला का हनुमान बाटिका, जूनागढ़, वेदव्यास पीठ, उषाकोठी, मंदिरा डैम, देवधर, घोघड, दार्जीग, मिरिग्लोटा और छत्री हिल शामिल हैं। जिनके पर्यटन के तौर पर विकास होने की उम्मीद जगी है।

बजट में राउरकेला को मिला एथलेटिक्स और तीरंदाजी के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र

जागरण संवाददाता ● राउरकेला : मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को अपना पूर्ण बजट पेश किया। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से राज्य के बजट में खेलों के लिए आवंटन का महत्व बढ़ा है, उससे खेल प्रेमियों में उत्सुकता बढ़ी है। राज्य में खेल बुनियादी ढांचे के विकास में पिछली सरकार ने जो दिलचस्पी दिखाई है, उससे निश्चित रूप से पूरे देश में राज्य की छवि एक खेल प्रेमी सरकार के रूप में बनी है। इसलिए अब सबकी नजरें भाजपा सरकार के बजट पर थीं कि देखें मुख्यमंत्री की झोली से खेल और खिलाड़ियों के लिए क्या निकलता है। राउरकेला और पश्चिम ओडिशा के खेल प्रेमी बड़ी उत्सुकता से इसका इंतजार कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने अपने बजट में खेल बुनियादी ढांचे पर 943 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रविधान किया है। इसके अलावा खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन और तैयारी के लिए 80 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। सरकार ने राज्य के क्योंझार, कोरापुट, ब्रह्मपुर और संबलपुर में विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इन चार स्थानों के साथ ही राउरकेला में खेलों के लिए दो उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई है।

समाचार सार

शिक्षकों ने बजट को शिक्षा के लिए बताया सकारात्मक

संसू,जागरण.राउरकेला : ओडिशा सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2025 के बजट पर शिक्षकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। शिक्षकों और शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बजट में शिक्षा के क्षेत्र में लिए गए प्रावधान से विकास की उम्मीद जागी है। राज्य सरकार ने शिक्षा के लिए इस बार 30,000 करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15% अधिक है। इसमें स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, शिक्षकों की भर्ती और वेतन वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। राष्ट्रीय सरकारी उच्च विद्यालय की प्राचार्य निकहत परवीन ने कहा कि यह बजट शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगा। विशेष रूप से डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट क्लासरूम के लिए किए गए प्रावधान स्वागत योग्य हैं। शिक्षकों की वेतन वृद्धि और नई भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने की घोषणा से निश्चित रूप से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा।

सबको अच्छी स्कूली शिक्षा देने का दिखा संकल्प

जासं, राउरकेला : बजट में सरकार ने शिक्षा को लेकर कई बड़ी नीतिगत घोषणा करते हुए सबको अच्छी स्कूली शिक्षा देने का संकल्प जाहिर कर दिया है। इसलिए इस बार सरकार ने अपने बजट में स्कूल और जन शिक्षा विभाग के लिए 31185 .47 करोड़ रुपये की राशि रखी है। जो पिछले बजट की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है। इससे साफ है कि राज्य को विकसित करने का जो लक्ष्य है, उस लिहाज से शिक्षा में सुधारों से जुड़े कामों को और गति मिलेगी। राउरकेला के शिक्षा हबों में गिनी जाने वाले राउरकेला शहर तथा यहां रहने वाले विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। राज्य भर में 45,000 शिशु वाटिका खोला जाना है। जिसमें पश्चिम ओडिशा के बर जिले के विद्यार्थियों को मिलना तय है। कक्षा 9 और 10 के छात्रों को मिड डे मील तथा कक्षा 9 के छात्रों को साइकिल मिलेगी। जिससे पश्चिम ओडिशा के 11 जिलों के 6 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभांवित होंगे। इसी एसटी छात्रों के छात्रवृत्ति के लिए 450 करोड़ रुपये। धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए 350 करोड़ रुपये। मुख्यमंत्री जनजातीय आजीविका मिशन के लिए 210 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

महाविद्यालय के इतिहास विभाग में संकाय विनिमय कार्यक्रम

जासं, राउरकेला : शहर के राजकीय स्वायत्त महाविद्यालय पानपोष के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग ने संकाय विनिमय कार्यक्रम के तहत सुंदरगढ़ राजकीय महाविद्यालय के साथ विचार-विमर्श बैठक का आयोजन किया है। यह बैठक महाविद्यालय की अध्यक्ष डा. सस्मिता सामल की अध्यक्षता में राजकीय स्वायत्त महाविद्यालय राउरकेला के स्वामी विवेकानंद हाल में हुई। सुंदरगढ़ राजकीय महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रोफेसर डा. साकिर हुसैन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए और इतिहास में वर्गीकरण, कालक्रम और विभिन्न संबंधित तत्वों के प्रासंगिक पहलुओं पर चर्चा की। डा. हुसैन ने कहा कि इतिहास में घटनाओं के कालानुक्रमिक प्रवाह की व्यवस्थित चर्चा बहुत प्रासंगिक और आवश्यक है और उन्होंने कई उदाहरणों के माध्यम से इस पर अपने विचार व्यक्त किए। डा. सामल ने अपने भाषण में बताया कि इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से कालेज के संकाय और छात्र दोनों को विभिन्न मुद्दों पर उपयोगी जानकारी मिल सकती है। कालेज के इतिहास विभाग की प्रमुख बसंती कुजूर ने स्वागत भाषण के साथ अतिथि का परिचय कराया, जबकि प्रोफेसर डा. रंजीता ओराम ने कार्यक्रम का संचालन किया।

10वीं बोर्ड परीक्षा संचालन के लिए ज्ञान संवर्धन कार्यक्रम

जागरण संवाददाता, राउरकेला : सुंदरगढ़ जिले में 10वीं बोर्ड परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सुंदरगढ़ जिलापाल मनोज सत्यवान महाजन की अध्यक्षता में मंगलवार को बीएस हाई स्कूल में ज्ञान संवर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुंदरगढ़ के अतिरिक्त जिला कलेक्टर (सामान्य) रवि नारायण साहू, अतिरिक्त सुरक्षा अधिकारी केपी मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी भागीरथी पटेल, जिला शिक्षा पदाधिकारी अमूल्य कुमार प्रधान के साथ सभी बीईओ एवं 117 नोडल केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे। इसमें परीक्षा को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से आयोजित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण को ले चला जागरूकता अभियान

जागरण संवाददाता, राउरकेला : राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कानून लागू करने वालों के लिए आरएमसी कांफ्रेंस हाल में एक ओरिएंटेशन आयोजित किया गया। तंबाकू के उपयोग को कम करने के लिए दो प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की गई। एक में दर्शकों के बीच जागरूकता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, और दूसरे में तकनीकी और कानूनी पहलुओं को संबोधित किया गया। शनिवार को आरएमसी कमिश्नर आशुतोष कुलकर्णी, डीएसपी जोगेश्वर पंडा, आरएमसी स्वास्थ्य अधिकारी सुशील कुमार परिदा और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ जिला आबकारी, ड्रग कंट्रोल, पुलिस और खाद्य सुरक्षा विभागों की प्रवर्तन टीम की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई।

तिलका नगर में संपन्न हुई भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा

जागरण संवाददाता, राउरकेला : तिलका नगर के सी ब्लाक खटाल में नवनिर्मित श्रीश्री बाबा विश्वनाथ मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य पुजारी के रूप में दुर्गेश तिवारी, आचार्य वरुण तिवारी, महेश पांडेय, विवेक पांडेय आदि समेत पांच पुजारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य पुजारी दुर्गेश तिवारी ने पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव लिंग की स्थापना की। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में मुख्य संरक्षक के रूप में परशु राम सिंह व उनके पुत्र ने हिस्सा लिया और पूजा संपन्न कराई। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में तिलका नगर व बंडामुंडा क्षेत्र से बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने हिस्सा लिया। मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का समापन समारोह पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया। भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि इस क्षेत्र में भगवान शिव का मंदिर न होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को भगवान शिव की पूजा करने के लिए दूर मंदिर जाना पड़ता था। इस मंदिर की स्थापना के बाद क्षेत्र में रहने वाले शिव भक्तों को भगवान शिव की पूजा करने में काफी मदद मिलेगी। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

Classifieds दैनिक जागरण YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE in Adityapur industrial Area (Plot no-33, Road No.-30 1st Phase, Industrial Area, Adityapur - 832109, Saraikela Kharshwan) For More Details Contact Jamshedpur - Simran Sonkar- 9798992867 2200888/ 2980093 Rourkela - Vinay Singh- 8249036032 Chaibasa - Deepak Thakur- 9471166666

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/कार्य/मुख्यालय, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डन रीच, कोलकाता-700043 निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या : 1। एनआईटी संख्या: एसटी पी_एसईआर_2025_पीएमएस टावर_2, दिनांक: 15.02.2025। कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर एवं चक्रधरपुर मंडल के हावड़ा-खड़गपुर एवं टाटानगर-राउरकेला खंड में लीडो एवं जोक्यू मार्गों (692 आरकेएम) पर 4जी एलटीआर-आर के लिए टावर की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत सहित ओएफसी बैकबोन कार्य के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकारी अभियंता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 5,04,33,432.53। **बयाना राशि:** ₹ 4,02,200। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 17.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। **क्रम संख्या: 2। एनआईटी संख्या: एसटी_पी_एसईआर_2025_पीएमएस टीसीएएस_3, दिनांक: 15.02.2025। कार्य का विवरण:** दक्षिण पूर्व रेलवे के खड़गपुर एवं चक्रधरपुर मंडल के खंड में लीडो एवं जोक्यू मार्गों (688 आरकेएम) पर कवच की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं शुरुआत सहित सम्बंधित कार्य के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने हेतु प्राधिकारी अभियंता की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 14,69,67,056.24। **बयाना राशि:** ₹ 8,84,800। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 28.03.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। उपर्युक्त निविदा हेतु निविदा सूचना का विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर पहले ही प्रकाशित किया जा चुका है। (PR-1146)

NAME CHANGE

I, MD. Azad Hussain, S/O:Bhageran Miyan resident of Nala Road, Ward No.15 PO: ROURKELA -1 PS: Plant site, Dist Sundargarh Odisha declared by this affidavit dated:17/02/2025 before Executive Magistrate panposh that My name MD Azad Hussain and Ajaj Ahmed (having Voter ID No.NEX2053494 and Aadhar No 565098248936)stand for one person i.e. myself. Now onwards I shall be known as MD AZAD HUSSAIN for all purposes.

AFFIDAVIT

I, **Barnabas Kiro Naik** Service No. **4262596W,** PPO No. **213200100186,** e-PPO No. **171200000708,** Record Office-RO, Bihar Danapur, S/o- Late Mansukh Kiro, resident of At: Panposh, PO: Kansbahal, PS: Rajgangpur, Dist: Sundargarh, State: Odisha, PIN: 770034 have changed my wife's name & date of birth from **Filmina Kiro (10/01/1967) To Philomina Kujur (12/03/1964)** in my Army Service Record, vide affidavit Dt. 15/02/2025 before The Executive Magistarte, Rajgangpur, Odisha.

Latest Jobs JAGRAN Josh www.jagranjosh.com

PSPCL: 2500 असिस्टेंट लाइनमैन पद
- अंतिम तिथि: 13 मार्च 2025
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड /संस्थान से मैट्रिकुलेशन एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: pspcl.in

UPSC: 47 भारतीय आर्थिक / सांख्यिकी सेवा पद
- अंतिम तिथि: 04 मार्च 2025
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से अधिसूचना में वर्णित वांछित एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: upsc.gov.in

DEE: 4500 असिस्टेंट टीचर पद
- अंतिम तिथि: 31 मार्च 2025
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से सेकेंडरी/हायर सेकेंडरी/ B.Ed. एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: dee.assam.gov.in

भारतीय डाक: 21413 ग्रामीण डाक सेवक पद
- अंतिम तिथि: 03 मार्च 2025
- शैक्षणिक योग्यता: किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड /संस्थान से 10वीं एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- वेबसाइट/आवेदन: indiapostgdsonline.gov.in

करेंट अफेयर्स संक्षेप में
- भारत किस देश के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का छठा संस्करण आयोजित कर रहा है - जापान
- कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य, जो हाल में चर्चा में था, किस राज्य में स्थित है - उत्तर प्रदेश
- ICC ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के विजेता के लिए कितनी पुरस्कार राशि की घोषणा की है - 2.24 मिलियन USD
- प्रधानमंत्री योग पुरस्कार 2025 का आयोजन कौन सा मंत्रालय कर रहा है - आयुष मंत्रालय
- विश्व के नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी जानिक सिनर को WADA ने कितने महीनों के लिए निलंबित कर दिया है - 3 महीने

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
जागृति विहार, बुर्ला - 768020, जिला - सम्बलपुर, ओड़िशा
फोन-(एमएनएक्स) : 0663-2542461 to 469
वेबसाइट : www.mahanadicoal.in

एमसीएल एवं इसकी सहायक कंपनियों के लिए 'जीएसटी एवं पूर्ववर्ती केंद्रीय उत्पाद-शुल्क तथा सेवा कर मामलों के लिए परामर्शदाताओं' के इम्पैनलमेंट एवं नियुक्ति हेतु रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

संदर्भ सं.: SBP/MCL/TAX/2024-25/1240 दिनांक 14/02/2025

एक वर्ष की अवधि के लिए महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) एवं इसकी सहायक कंपनियों के लिए 'जीएसटी एवं पूर्ववर्ती केंद्रीय उत्पाद-शुल्क तथा सेवा कर मामलों के लिए परामर्शदाताओं' के इम्पैनलमेंट एवं नियुक्ति हेतु विधि फर्मों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है तथा बेहतर प्रदर्शन के आधार पर कार्य सौंपे जाने की तिथि से आगामी दो (02) वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक आधार पर अनुबंध नवीनीकरण किया जाएगा। संपूर्ण विवरण के लिए इच्छुक कंपनियां कोल इंडिया लिमिटेड के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in अथवा वेबसाइट www.mahanadicoal.in देख सकती हैं। दस्तावेज डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि 21.02.2025 को 10:00 बजे से। दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 08.03.2025 को 17:00 बजे तक। बोली जमा करने की प्रारंभ तिथि 21.02.2025 को 10:00 बजे से। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 08.03.2025 को 17:00 बजे तक। बोली खुलने की तिथि 10.03.2025 को 11.00 बजे। संभावित बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले नियमित रूप से उपरोक्त वेबसाइटों को देखते रहने की सलाह दी जाती है। क्योंकि इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी केवल इन्हीं वेबसाइटों पर प्रकाशित की जाएगी।

उप महाप्रबंधक (वित्त)/विभाग मुख्य (कर), एमसीएल

R-5241

आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा
जयपुर हाउस, आगरा।

पत्रांक 147/डी/इं.इं.-1/2024-25 दि0 17/02/2025

REQUEST FOR PROPOSAL (R.F.P.)

क्र सं	परियोजना का नाम	परियोजना की अनुमानित लागत (रू० लाख में)	बिड प्रारम्भ की तिथि	प्री-बिड मीटिंग की तिथि	प्री-बिड कोटेशन अपलोड करने की अन्तिम तिथि	बिड की अन्तिम तिथि
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
	Selection of Contractor for Integrated Infrastructure Development Works, in Atal Puram Township at Gwalior Road, Agra in the State of (UP) on EPC basis.	41315.40	21/02/2025	06/03/2025 (प्रातः 11.30 बजे से)	10/03/2025 (5.00 PM तक)	24/03/2025 (अपराह्न 5.00 बजे तक)

कार्य के सम्बन्ध में किसी भी जानकारी के लिए सम्पर्क करें। मुख्य अभियन्ता, आगरा विकास प्राधिकरण, मोबाइल नं0-9711309375 ई-मेल ceadaagra12@gmail.com पर सम्पर्क करें। प्राधिकरण, आगरा विकास प्राधिकरण को बिना कोई कारण बताये उक्त प्रक्रिया को निरस्त करने का